पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया

लखनऊः 30 सितम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन में डाॅ0 राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल सोसाइटी के सौजन्य से किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के ट्रास्फयूजन मेडिसिन विभाग द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। रक्तदाताओं की सुविधा हेतु रक्तदान मोबाइल वैन का प्रयोग किया गया था जिसमें राज्यपाल की प्रमुख सचिव सुश्री जूथिका पाटणकर, राज्यपाल के परिसहाय श्री गौरव सिंह व परिसहाय स्कवाड्रन लीडर प्रवीण भौरिया, राजभवन चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्साधिकारी डाॅ0 अनिल निर्वाण सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रक्तदान किया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर जनता का आह्वान किया कि अपने ढंग और सुविधा के अनुसार रक्तदान कर योगदान दें। लोग नेत्रदान, अंगदान, देहदान करते हैं लेकिन रक्तदान अपने आप में महत्व का दान माना जाता है। रक्तदान से किसी जरूरतमंद व्यक्ति के प्राण बचाये जा सकते हैं। विज्ञान की प्रगति के बाद भी रक्त का कोई पर्याय नहीं है। उन्होंने कहा इस भूमिका में रक्तदान का महत्व और भी बढ़ जाता है।

श्री नाईक ने कहा कि रक्तदान के बारे में समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने की जरूरत है। रक्तदान के पश्चात् शरीर में स्वतः रक्त का निर्माण होता रहता है। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की विशेषता है कि यहाँ सबसे बड़ा ब्लड बैंक है। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि रक्तदान शिविर का शुभारम्भ राजभवन से हुआ तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

राज्यपाल ने शिविर में स्वैच्छिक रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र भी दिया। इस अवसर पर किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति डाॅ0 रविकांत, विभागाध्यक्ष ट्रास्फयूजन मेडिसिन विभाग डाॅ0 तूलिका चन्द्रा, अध्यक्ष डाॅ0 राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल सोसाइटी श्री नरेश चन्द्रा सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।


MOBILE